आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 01.09.2024 समय : 18.30 पीएम

- प्रदेश में आज से बीपीएल परिवारों के साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र परिवारों को भी साढे चार सौ रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर मिलना शुरू।
- राज्य में आज से राष्ट्रीय पोषण माह की शुरूआत – एक महीने तक महिलाओं और बच्चों के पोषण को बढावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी।
- 28वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में 157 भामाशाहों का हुआ सम्मान।
- प्रदेश में आज से अगले एक सप्ताह तक बारिश की गतिविधियों में और बढोतरी होने के आसार।

000

प्रदेश में आज से बीपीएल परिवारों के साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र परिवारों को भी साढे चार सौ रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर मिलना शुरू हो गया है। इस योजना के तहत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी परिवार भी पात्र होंगे। एक करोड़ 7 लाख से ज्यादा पात्र परिवारों को इस योजना का फायदा होगा। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि योजना के तहत चयनित परिवारों को हर महीने अधिकतम एक गैस सिलेण्डर साढे चार सौ रुपये में दिया जाएगा। पात्र परिवारों को गैस सिलेण्डर की निर्धारित राशि जमा करवाकर गैस सिलेण्डर प्राप्त करना होगा। इसके बाद सब्सिडी की राशि का भुगतान परिवार के जन आधार से लिंक बैंक खाते में जमा करा दिया जाएगा।

000

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जोधपुर जिले की 29 पीएम श्री स्कूलों में विद्यार्थियों की ओर से विभिन्न इनोवेशन किए जाएंगे। दो चरणों में चलने वाले इस अभियान के तहत इस साल इन स्कूलों में गणित और विज्ञान के सर्किल भी बनेंगे। गणित और विज्ञान के प्रति रचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने लिए पहले चरण में जिले की 24 और दूसरे चरण में पांच पीएम श्री स्कूलों का चयन किया गया है। अभियान के तहत सालभर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसमें विद्यार्थियो को देश – विदेश के विशेषज्ञ परामर्श देते हैं। इनोवेशन के लिए केंद्र सरकार की ओर से हर स्कूल में अलग से बजट मंजूर किया गया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत बनने वाले गणित और विज्ञान के सर्कल में होने वाली ज्ञानवर्धक गतिविधियों से स्कूल के विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों को भी लाभ मिलेगा।

000

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने संघ लोक सेवा आयोग सिविल सेवा परीक्षा 2022 के परिणामों के संबंध में झूठे और भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए शंकर आईएएस अकादमी पर 5 लाख रुपये का

जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और प्रचार करने और यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है ताकि किसी भी सामान या सेवाओं के संबंध में कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन नहीं किया जाए। मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि विज्ञापन ने उपभोक्ताओं के अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ सूचित होने और सुरक्षा पाने के अधिकार का उल्लंघन किया है।

000

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि सरकार गिग और प्लेटफार्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए विभिन्न संभावनाएं तलाश रही हैं। केंद्रीय मंत्री ने आज नई दिल्ली में एक समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी। डॉ. मांडविया ने कहा कि सरकार उन्हें सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक नीति पर काम कर रही है। गिग श्रमिक वह होता है जो छोटी अवधि के लिए या परियोजना आधारित काम करता है और एक ही नियोक्ता के लिए काम करने की बजाए कई नियोक्ताओं के लिए काम करता है। डॉ. मांडविया ने कहा कि श्रमिकों का पंजीकरण ई–श्रम पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन कंपनियों के साथ ऐसे श्रमिक काम करते हैं उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। श्री मांडविया ने कहा कि मंत्रालय इस संबंध में सभी पक्षों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

000

प्रदेश में आज से राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत हो गई है। इस दौरान एक माह तक महिलाओं और बच्चों के पोषण को बढावा देने और उनके बेहतर स्वास्थ्य की गतिविधियां संचालित होगीं। उपमुख्यमंत्री और महिला बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के तहत दिव्यांग गर्भवती महिलाओं को प्रथम सन्तान के लिए वर्तमान में दी जा रही राशि 6 हजार 500 रूपये के स्थान पर 01 सितंबर से बढ़ाकर 10 हजार रूपये किया गया है। उन्होंने बताया कि यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मजबूत कदम है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के झुन्झुनू में राष्ट्रीय पोषण मिशन की शुरूआत की थी।

000

....................

28वां राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह उदयपुर के मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित हुआ। समारोह में 157 भामाशाहों को सम्मानित किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए शिक्षा और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में शैक्षणिक उन्नयन के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि भामाशाहों की ओर से दिए जा रहे सहयोग से गुणवत्तायुक्त शिक्षा, स्कूलों में सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। श्री दिलावर ने बताया कि इस वर्ष प्रदेश के विद्यालयों में 140 करोड़ रूपये से अधिक की राशि का सहयोग भामाशाहों से मिला है।

इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सांसद चुन्नीलाल गरासिया, डॉ मन्नालाल रावत सहिता कई जनप्रतिनिधि और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। समारोह में विश्व रिकॉर्ड संस्था के प्रतिनिधि ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को तीन विश्व रिकॉर्ड के प्रमाण पत्र सौंपे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान–एक पेड़ मां के नाम के दौरान प्रदेश के स्कूलों में 6 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए। वहीं एक दिन में लगभग ढाई करोड़ पौधों का रोपण हुआ था।

000

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज झालावाड ज़िले के झालरा पाटन पहुंचे। जहां प्रदेश के जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत और स्थानीय लोगों ने उनकी अगुवानी की। श्री यादव जैन संत प्रज्ञा सागर जी महाराज की 53वीं जयंती महोत्सव समारोह में शामिल हुए। उन्होंने एसटीसी स्कूल प्रांगण मे ंआचार्य प्रज्ञा सागर जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद भी लिया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा है कि मानव जीवन की रक्षा के लिए रक्तदान अमूल्य है। उन्होंने रक्तदान के लिए निरंतर जागरूकता बढ़ाये जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित किया जाना चाहिए। श्री बागडे आज अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद की ओर से आयोजित महारक्तदान शिविर के शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने गौ ऋषि प्रकाशदास जी महाराज की प्रेरणा से आयोजित रक्तदान शिविर को महत्वपूर्ण बताया।

000

पेरिस पैरालंपिक के चौथे दिन आज बैडमिंटन में भारत के दो पदक पक्के हो गए हैं। मनीषा रामदास ने एसयू–5 वर्ग में महिलाओं के एकल वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब उनका मुकाबला अपने ही देश की टी.मुरुगेशन से होगा। इन दोनों में से जो भी खिलाड़ी फाइनल में पहुंचेंगी, उसका कम से कम रजत पदक तय हो जाएगा। वहीं पराजित होने वाली खिलाड़ी कांस्य पदक के लिए मैच खेलेंगी। वहीं, पुरुषों के सिंगल्स एसएल–4 सेमीफाइनल में सुकांत कदम का मुकाबला अपने ही देश के सुहास यतिराज से होगा। इनमें भी फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ी का पदक पक्का हो जाएगा। फिलहाल पदक तालिका में चीन पहले, ग्रेट ब्रिटेन दूसरे और ब्राजील तीसरे स्थान पर है। भारत एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदकों के साथ 22वें स्थान पर है।

000

प्रदेश में आज से बारिश की गतिविधियों में और बढोतरी होने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार प्रदेश में एक नया तंत्र बनने से पूर्वी राजस्थान में एक सप्ताह तक भारी बरसात का दौर जारी रहने के आसार हैं। इसके प्रभाव से आज कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश होने तथा जयपुर, जोधपुर और अजमेर संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बरसात के आसार हैं। केन्द्र ने राज्य के 28 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। आज राजधानी जयपुर में दोपहर बाद कई स्थानों पर हल्की से

मध्यम बारिश दर्ज की गई। श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ क्षेत्र में तेज बरसात हुई। इस बीच, पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं तथा पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर बारिश दर्ज की गई। उधर, भरतपुर में हुई तेज बरसात से जिले के बांध बरेठा का जलस्तर 28 फीट से ऊपर पहुंच गया है। पानी की लगातार आवक को देखते हुए आज बांध का एक गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। इससे बयाना और रूपवास क्षेत्र के बहाव वाले क्षेत्रों के गांवों में अलर्ट जारी किया गया है। विश्व प्रसिद्ध केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी उद्यान में पांचना बांध से आये पानी से पक्षियों को बेहतर माहौल मिल रहा है।

......................

राजसमंद जिले के प्रमुख जल स्त्रोत राजसमंद झील में पानी की आवक लगातार जारी है। झील का जल स्तर बढ़कर 17 दशमलव 60 फीट हो गया है। टोंक जिले के बीसलपुर बांध में भी पानी की आवक जारी है। आज दोपहर बांध का जल स्तर 314 दशमलव 55 आरएल मीटर दर्ज किया गया।

000

जोधपुर से दिल्ली रेल यात्रा में अब पहले के मुकाबले कम समय लगेगा। जोधपुर से जयपुर होते हुए दिल्ली रेल मार्ग का विद्युतिकरण लगभग पूरा होने से इस मार्ग पर इलेक्ट्रिक रेलों का संचालन होगा, इससे यात्रियों को करीब आधा घंटे की बचत होगी। जोधपुर मण्डल में एक हजार 626 किलोमीटर रेलमार्ग में से एक हजार 567 किलोमीटर मार्ग का विद्युतिकरण हो चुका है।

000